ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

पांच साल पहले हुई थी शादी, एक साल की मासूम बेटी के सिर से उठा पिता का साया



मृतक सुनील कुमार पटेल की फाइल फोटो।

लालगोपालगंज (प्रयागराज)। लखनऊ राजमार्ग पर इब्राहिमपुर के पास बुधवार शाम ई-रिक्शा और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक के सिर में गंभीर चोट आई और बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा क्षेत्र स्थित जगतपुर एधा गांव निवासी सुनील कुमार पटेल (२५), पुत्र बंशीलाल पटेल, बुधवार शाम करीब चार बजे बाइक से कुंडा की ओर जा रहा था। इसी दौरान इब्राहिमपुर के पास उसकी बाइक ई-रिक्शा से टकरा गयी। गंभीर चोट लगने के कारण सुनील ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना में शामिल ई-रिक्शा को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। सुनील की शादी करीब पांच वर्ष पहले हुई थी। उसकी एक साल की मासूम बेटी है। युवक की अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के भविष्य को लेकर संजोए गये सपने एक पल में बिखर गये। घटना के बाद से गांव में भी शोक का माहौल है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़।

नम आंखों से भक्तों ने मां दुर्गा की प्रतिमाओं को दी विदाई

देवरी जलाशय और राजापुर के रानी तालाब में हुआ विसर्जन

मांडा (प्रयागराज)। शारदीय नवरात्र और विजयादशमी पर्व के बाद मांडा क्षेत्र में मंगलवार और बुधवार को मां दुर्गा की सैकड़ों प्रतिमाओं का पारंपरिक ढंग से विसर्जन किया गया। मांडा, मेजा और कोरांव क्षेत्र के विभिन्न गांवों से निकली विसर्जन शोभायात्राओं में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर अबीर-गुलाल उड़ाते हुए भक्तों ने जय माता दी के जयकारे लगाए और नम आंखों से मां दुर्गा को विदायी दी। विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और पीएसी के जवान तैनात रहे।

मंगलवार को तिसेन तुलापुर, सुरवांदलापुर, सिकरा, उल्दा, भींस और भवानीपुर सहित कई गांवों की प्रतिमाओं का देवरी जलाशय में विसर्जन किया गया। यहां पुलिस और पीएसी के जवानों के साथ एंबुलेंस तथा प्राथमिक चिकित्सा टीम भी मौजूद रही। रास्ते में समाजसेवी अमित पांडेय रफ्तार के नेतृत्व में युवाओं की टीम ने श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह निःशुल्क जलपान और मिष्ठान की व्यवस्था की। वहीं, हाटा, दोहथा, मेंहा जागीर, कूदर और कुरहरा सहित कई गांवों की प्रतिमाओं का विसर्जन कुरहरा तालाब में किया गया।

बुधवार को गिरधरपुर, मांडा खास, भरारी द्वितीय, महुआरी खुर्द, भारतगंज कस्बा, राजापुर, चकडीहा, नहवाई और कनेवरा सहित कई गांवों की प्रतिमाओं का राजापुर गांव स्थित रानी के तालाब में विसर्जन किया गया। दर्जनों प्रतिमाओं के साथ हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ भारतगंज कस्बे से गुजरी। इसे देखते हुए थाना प्रभारी मांडा कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में पुलिस और पीएसी के जवान तैनात रहे। विसर्जन स्थल पर राजापुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजीव कुमार सिंह की ओर से व्यवस्थाएं की गयी थीं। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और भक्तिमय माहौल के बीच विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

हवन-पूजन के साथ शारदीय नवरात्र का समापन

करछना (प्रयागराज)। शारदीय नवरात्र के नौवें दिन करछना क्षेत्र के देवी शक्तिपीठों और पूजा पंडालों में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गयी। कन्या पूजन और हवन के साथ नवरात्र का समापन हुआ। इसके बाद भक्तों ने महाप्रसाद वितरित किया और कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। नौ दिनों तक करछना काली शक्तिपीठ, शीतला धाम सहित कौवा, पचदेवरा, डीहा, बसही, घटवा, चकमिश्रान, मां विंध्यवासिनी धाम गधियाव, बरदहा और बेदौ सहित प्रमुख बाजारों व गांवों के पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती रही।

चार पहिया वाहन की टक्कर से दम्पती सहित दो वर्षीय बेटी घायल

प्रयागराज-अयोध्या मार्ग पर हादसा, घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया

सोरांव (प्रयागराज)। सोरांव थाना क्षेत्र के मलाक चतुरी गांव के पास प्रयागराज-अयोध्या मार्ग पर मंगलवार शाम करीब पांच बजे चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपती और उनकी दो वर्षीय बेटी घायल हो गयी। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार, बृजेश कुमार पुत्र जंगीलाल अपनी पत्नी रीपा देवी और दो वर्षीय बेटी दीपांजलि के साथ ससुराल सराय दीना से घर लौट रहे थे। उन्हें फाफामऊ थाना क्षेत्र के बरबोली स्थित अपने घर जाना था। मलाक चतुरी गांव के पास पीछे से आए चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची सोरांव पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। घटना के बाद ग्रामीणों ने टक्कर मारने वाले वाहन की डिग्गी में कथित रूप से नशीला पदार्थ रखे होने का आरोप लगाया और मौके पर ही डिग्गी खुलवाकर जांच कराने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि डिग्गी नहीं खोली गयी और वाहन को टोचन कर थाने ले जाया गया। हालांकि, वाहन में नशीला पदार्थ होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित परिवार की ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामले में आवश्यक कारर्वाई की जाएगी।

पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज खुदकुशी के मामले में भेजा गया जेल

नैनी (प्रयागराज)। नैनी के डभाव गांव में पत्नी की विदायी न होने से परेशान युवक की मौत के मामले में पुलिस ने कारर्वाई करते हुए मृतक के परिजनों की तहरीर पर उसकी पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी पत्नी खुशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

डभाव गांव निवासी २७ वर्षीय मनीष भारतीय पुत्र सूरज भारतीय गांव में ही फूल-माला का व्यवसाय कर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के मुताबिक, करीब एक वर्ष पहले उसकी शादी घूरपुर थाना क्षेत्र के बलापुर गांव निवासी पन्नालाल की पुत्री खुशी से हुई थी। शादी के शुरुआती कुछ महीने तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन बाद में पति-पत्नी के बीच विवाद होने लगा। इसके बाद खुशी करीब चार महीने पहले मायके चली गयी और वहीं रहने लगी। परिजनों का कहना है कि मनीष पत्नी की विदायी कराने का लगातार प्रयास कर रहा था। विदायी नहीं होने के कारण वह परेशान रहता था। इसी बीच उसने खुदकुशी कर ली।

युवक की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने ससुराल पक्ष के खिलाफ कारर्वाई की मांग को लेकर रीवा रोड पर शव रखकर घंटों चक्काजाम किया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया और कारर्वाई का आश्वासन दिया था। अब परिजनों की तहरीर पर पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

दम्पती के विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, क्रास एफआईआर दर्ज

दूसरी महिला को पत्नी रखने के आरोप पर बढ़ा विवाद

मऊआइमा (प्रयागराज)। पारिवारिक न्यायालय में विचाराधीन दंपती विवाद में सुलह-समझौते के दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गयी। घटना में कई लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बतायी जा रही है। दोनों पक्षों की तहरीर पर मऊआइमा पुलिस ने क्रास प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के कटरा दयाराम गांव निवासी शिवकुमारी के मुताबिक, उसकी शादी ९ फरवरी २०२२ को सिकंदरपुर निवासी राजकमल से हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। शिवकुमारी ने ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि मंगलवार को वह अपने भाइयों और रिश्तेदारों के साथ सुलह-समझौते के लिए ससुराल पहुंची थी। आरोप है कि वहां विवाद बढ़ने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बाल पकड़कर घसीटने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। घायल शिवकुमारी को पुलिस ने एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। बुधवार को शिवकुमारी ने पति राजकमल, ससुर राममिलन, राममूरत, राजेश, प्रिंसी, सौतन अंजली पटेल और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। उसने पति पर दूसरी महिला को पत्नी के रूप में रखने का भी आरोप लगाया है। वहीं, दूसरे पक्ष से राजकमल का आरोप है कि शिवकुमारी के भाइयों और उनके साथ आए लोगों ने घर का दरवाजा तोड़कर सामान बाहर फेंक दिया। इसके बाद उसके साथ-साथ उसके माता-पिता, बहन और अन्य रिश्तेदारों पर हमला किया गया। राजकमल की तहरीर पर कटरा दयाराम निवासी प्रेमचंद्र, रामधन, अभय सिंह, रमेश और ३० अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। दोनों पक्षों के घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से क्रास प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

पैतृक जमीन पर कब्जे की शिकायत

करछना (प्रयागराज)। क्षेत्र के मुंगारी गांव निवासी राम कैलाश पाल ने अपनी पैतृक भूमिधरी जमीन पर कथित कब्जे को लेकर मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने उनकी करीब १३ बिस्वा जमीन पर जबरन कब्जा कर रखा है। कई महीने बीतने के बाद भी जमीन खाली नहीं कराई गई है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, बीते गर्मी के मौसम में हल्का कानूनगो और लेखपाल ने जमीन की पैमाइश कर जांच की थी। आरोप है कि जांच के दौरान कई लोगों की कब्जेदारी भी सामने आई थी, लेकिन इसके बावजूद अब तक जमीन को कब्जामुक्त कराने की कार्रवाई नहीं हुई। राम कैलाश पाल का कहना है कि पैतृक जमीन पर कब्जे के कारण वह परेशान हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से प्रशासन से मामले की दोबारा जांच कराने और उनकी जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग की है।

आजका मुहूर्त

दिनांक- २२ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ कन्या राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन शुक्ल पक्ष
तिथि- एकादशी ११.४१ तक उपरान्त द्वादशी
वार- गुरुवार
नक्षत्र- शतभिषा रात्रि ०७.०८ तक उपरान्त पूर्वा भाद्रपद(पंचक)
योग- वृद्धि ११.०२ तक उपरान्त ध्रुव
राशि- कुंभ
सूर्योदय- ०६.२१ बजे
सूर्यास्त- ०५.४९ बजे
राहुकाल- दिन में ०१.३० से ०३ तक
भद्रा- दिन में ११.४१ तक
मुहूर्त- अन्नप्राशन, क्रय-विक्रय, बोरिंग कराना, आपरेशन, नौकरी के लिए आवेदन फार्म भरना आदि।
विशेष- पापाकुंशा एकादशी व्रत सभी के लिए।

विजयादशमी पर प्रतिष्ठानपुरी नगर में शस्त्र पूजन, जुटे स्वयंसेवक



झूंसी (प्रयागराज)। विजयादशमी के पावन अवसर पर मंगलवार को प्रतिष्ठानपुरी नगर के रामलीला पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सहभागिता करते हुए विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया। कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति, संघटन की भूमिका और भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख वरुण और नगर संघचालक रविशंकर रहे। वक्ताओं ने विजयादशमी के धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भारतीय परंपरा में शस्त्र पूजन शक्ति, साहस और धर्म की रक्षा के संकल्प का प्रतीक माना जाता है। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रत्येक वर्ष विजयादशमी पर अपना स्थापना दिवस और वार्षिक उत्सव मनाता है। वर्ष १९२५ में विजयादशमी के दिन ही डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में संघ की स्थापना की थी। यह दिवस संघटन के उद्देश्यों, राष्ट्रसेवा और सामाजिक समरसता के संकल्प को दोहराने का अवसर है। कार्यक्रम में नगर कार्यवाह राजेश, बौद्धिक प्रमुख सुधेन्द्र, व्यवस्था प्रमुख अशोक, नीरज, शारीरिक प्रमुख कमलेश, संपर्क प्रमुख सौमित्र, बासु, आयुष, कौशल और शशि भूषण सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

सूचना- मेरा हाईस्कूल वर्ष 2015 अनुक्रमांक 2211453 का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। पूनम यादव पुत्री-श्री राम जी यादव पता-मरथोसिफ, टण्डवा अमेठी

सूचना- मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 1859247 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1367358 का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। रेखा तिवारी पुत्री-श्याम धर तिवारी निवासी-सराय सिविल उर्फ खपटिहा तीवरान सैदाबाद प्रयागराज

सूचना

मेरा वास्तविक नाम इसरावती देवी / पत्नी स्व.राम नरायण है। त्रुटिवश आधार कार्ड 635057339397 संख्या में इसरौतिया हो गया है , जोकि गलत है। अब आधार कार्ड में सुधार होने के बाद मुझे इसी नाम से जाना जाए। इसरावती देवी/ पत्नी स्व.राम नरायण है। त्रुटिवश आधार राम नरायण नि. ग्राम फचकरा पोस्ट भारतगंज,थाना माण्डा तहसील मेजा जिला प्रयागराज।

सूचना

मेरा पुत्र विजय कुमार उम्र लगभग 28 वर्ष हम लोगों के कहने-सुनने में नहीं है प्रतिदिन लड़ाई-झगड़ा, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देता है बहुत समझाने पर भी नहीं मान रहा है आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है उसकी इन्हीं हरकतों को देखते हुए मैं पुत्र विजय कुमार को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सभी सम्बन्ध विच्छेद करता हूं उसके द्वारा किये कार्यों की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी हम लोगों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। भुल्लन पुत्र-अंगनू नि0 ग्राम कोतारी थाना झूंसी तह0 फूलपुर प्रयागराज

मूर्ति विसर्जन के दौरान दो पक्षों में भिड़ंत, चले लाठी-डंडे

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत कस्बे में बुधवार दोपहर करीब २:३० बजे मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो पक्ष आमने-सामने आ गये। दोनों के बीच कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गयी। इस दौरान लाठी-डंडे चलने के साथ ईंट-पत्थर फेंके जाने से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। जानकारी के अनुसार, भीटी की ओर से श्रद्धालु मां दुर्गा की प्रतिमा लेकर बरौत नहर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान बरौत की चौहान बस्ती की ओर से आ रहे दूसरे प्रतिमा जुलूस से उनका आमना-सामना हो गया। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते विवाद और मारपीट में बदल गयी। घटना की सूचना मिलते ही ११२ पीआरवी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिसकर्मियों ने सायरन बजाकर दोनों पक्षों को अलग किया और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस की तत्परता से विवाद को और बढ़ने से रोक दिया गया। इसके बाद दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया गया और प्रतिमा विसर्जन के लिए जुलूस को आगे रवाना किया गया। घटना के संबंध में जानकारी लेने के लिए हंडिया थाना प्रभारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन बैठक में व्यस्त होने के कारण उनसे बात नहीं हो सकी।



हंडिया में निकली शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

धार्मिक आयोजनों में खलल डालने के आरोप में तीन पर एफआईआर

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा में धार्मिक आयोजनों के दौरान माहौल बिगाड़ने और आपसी सौहार्द प्रभावित करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मऊआइमा रामलीला समिति ने आरोपियों पर बैनर फाड़ने, राम बारात की शोभायात्रा के दौरान मारपीट करने और दुर्गा मंदिर से सजावटी झालर व केबल चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

समिति के अनुसार, १४ से १८ अक्तूबर के बीच रामबाग स्थित पक्का तालाब परिसर में कई बार बैनर फाड़े गये और उन पर गुटखा थूका गया। वहीं, १५ अक्तूबर को राम बारात की शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के साथ मारपीट और उपद्रव किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। समिति का कहना है कि इन घटनाओं से धार्मिक भावनाएं आहत करने और समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाने की कोशिश की गयी। मामले में रामलीला समिति के संरक्षक एवं कार्यक्रम प्रमुख निमिष खत्री, अध्यक्ष सचिन कुमार साहू और महामंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर कारर्वाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विजय कुमार साहू निवासी बैरहना रोड, गोलू उर्फ आजाद मौर्य और सेबू कुमार निवासी पूरा काजी पसियान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कारर्वाई की जाएगी।

रावण दहन बना आकर्षण का केन्द्र

झूंसी (प्रयागराज)। विजयादशमी की पावन संध्या पर नई झूंसी का ऐतिहासिक रामलीला मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। आदर्श श्रीरामलीला समिति, नई झूंसी की ओर से आयोजित रावण दहन महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। भगवान श्रीराम के हाथों रावण वध और उसके पुतले के दहन के साथ अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। पूरे आयोजन में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी सहित राम दरबार की आरती से हुई।

दीपों की रोशनी और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। वहीं, धर्मशाला तिराहे पर मंचित भगवान श्रीराम और भरत के मिलन का दृश्य लोगों के लिए भावुक क्षण बन गया। इस प्रसंग को देखकर कई श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। चारों ओर जय श्रीराम और सियावर रामचंद्र की जय के जयकारे गूंजते रहे। शाम होते ही रावण के विशालकाय पुतले का दहन किया गया।

रावण के पुतला दहन के साथ पारंपरिक उल्लास से मना दशहरा

भारतगंज (प्रयागराज)। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी का पर्व मांडा क्षेत्र में मंगलवार को पारंपरिक ढंग से मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर राम-रावण युद्ध की लीला के मंचन के बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। सुरक्षा के मद्देनजर गांवों और बाजारों में पुलिस एवं पीएसी के जवान तैनात रहे।

हंडिया में धूमधाम से मना दशहरा, रावण-कुंभकर्ण और अहिरावण के पुतलों का दहन

श्रीराम की विजय के साथ गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष, शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु और व्यापारी

हंडिया (प्रयागराज)। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व हंडिया कस्बे में परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। आदर्श रामलीला समिति हंडिया के तत्वावधान में आयोजित दशहरा महोत्सव में भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध का मंचन किया गया। इसके बाद बुराई के प्रतीक रावण, कुंभकर्ण और अहिरावण के पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और व्यापारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुंशीगंज स्थित गल्ला मंडी के वार्ड संख्या १२ में रामलीला मंचन स्थल के समीप झंडा पूजन के साथ हुआ। दोपहर दो बजे हंडिया के तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारी की उपस्थिति में परंपरागत पुरोहित पं. देवी प्रसाद पाण्डेय उर्फ छोटे गुरु ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। इसके बाद शाम चार बजे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता जानकी और हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभायात्रा वार्ड संख्या पांच स्थित रामलीला मैदान पहुंची। यहां राम-रावण युद्ध का शानदार मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के हाथों रावण वध होते ही पूरा मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इसके बाद रावण, कुंभकर्ण और अहिरावण के पुतलों का दहन किया गया। इसी के साथ दशहरा महोत्सव का समापन हुआ। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष विजय केशरी, प्रबंधक जयप्रकाश केशरी, कार्याध्यक्ष संजय अग्रहरि, कोषाध्यक्ष जलंधर सेठ, उप प्रबंधक मिथलेश केशरी, उपाध्यक्ष पिंटू अग्रहरि, राजेश केशरी (एलआईसी), दिनेश चंद्र सेठ, सतीश चंद्र केसरवानी, संतोष केशरी, दिनेश चंद्र केशरी, आनंद केशरी, बबलू केशरी, प्रांशु केशरी, आकाश केशरी, राजेंद्र केशरी और सुभाष साहू सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य तथा सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

झूंसी में नेपाली पर्यटकों की कार का शीशा तोड़कर चोरी

नकदी-पासपोर्ट ले उड़े चोर, संगम स्नान के बाद अयोध्या जा रहा था परिवार

झूंसी (प्रयागराज)। संगम स्नान के बाद अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे नेपाली पर्यटक परिवार की कार का शीशा तोड़कर चोर नकदी, मोबाइल फोन, पासपोर्ट और नागरिकता प्रमाणपत्र सहित जरूरी सामान चोरी कर ले गये। मंगलवार दोपहर अंदावा चौराहे स्थित ईंट एंड फिट रेस्टोरेंट के बाहर हुई घटना से परिवार की यात्रा प्रभावित होने की आशंका है। शिकायत पर झूंसी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नेपाल के महोत्तरी जिले के मनराशिस्वा गांव निवासी सुनील कुमार ठाकुर परिवार के साथ प्रयागराज आये थे। मंगलवार दोपहर करीब १:४० बजे परिवार रेस्टोरेंट में खाना खाने गया था। इसी दौरान चोरों ने उनकी कार का शीशा तोड़कर अंदर रखा सामान पार कर दिया। लौटने पर परिवार को चोरी की जानकारी हुई। पीड़ितों के मुताबिक, चोर ३२ हजार भारतीय रुपये, पांच हजार नेपाली रुपये, तीन रेडमी मोबाइल फोन, एक स्मार्टवाच, एटीएम कार्ड, अनिषा पांडेय का पासपोर्ट, बलिराम प्रसाद सिंह का नेपाली नागरिकता प्रमाणपत्र, परिचय पत्र और घर की चाबियां ले गये। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।



मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक करतीं पुलिसकर्मी।

अंदावा तालाब पर मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

महिला सुरक्षा, सरकारी योजनाओं और साइबर ठगी से बचाव के बताये उपाय, हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

हनुमानगंज (प्रयागराज)। मिशन शक्ति फेज-६.० अभियान के तहत बुधवार को थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज की मिशन शक्ति टीम ने अंदावा तालाब पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए पहुंचीं महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण, सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं और साइबर अपराध से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

मिशन शक्ति टीम की प्रभारी उप निरीक्षक अनीता यादव के नेतृत्व में महिला आरक्षी शशि मौर्या, आरक्षी अनुराग और आरक्षी ऋषिकेश शाह ने महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद किया। अभियान के दौरान सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, महिला स्वयं सहायता समूह, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और आयुष्मान योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। पुलिस टीम ने महिला सुरक्षा के लिए वूमेन पावर हेल्पलाइन १०९०, महिला हेल्पलाइन १८१, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन १०७६ और पुलिस आपातकालीन सेवा ११२ के बारे में बताया। इसके अलावा बच्चों की सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८ तथा साइबर धोखाधड़ी की शिकायत के लिए साइबर हेल्पलाइन १९३० की जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने की अपील की गयी। साइबर अपराध से बचाव के संबंध में टीम ने अनजान लिंक पर क्लिक न करने, किसी के साथ ओटीपी और बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने तथा आनलाइन ठगी होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।

तमंचे के बल पर ४० हजार की लूट की सूचना निकली झूठी

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव के पास नहर किनारे तमंचे के बल पर ४० हजार रुपये लूटने की सूचना जांच में झूठी निकली। पुलिस ने सूचना देने वाले युवक को चेतावनी देकर छोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, प्रतापगढ़ के फतनपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर निवासी मोहम्मद कलीम ने बुधवार दोपहर मोबाइल से सूचना दी कि भैंस खरीदने जाते समय एक दंपती ने तमंचा लगाकर उससे ४० हजार रुपये लूट लिए। सूचना पर उपनिरीक्षक डा. आलोक सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की। जांच में सामने आया कि दोनों पक्ष रिश्तेदार हैं और भैंस की खरीदारी के लिए रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस को लूट की पुष्टि करने वाला कोई तथ्य नहीं मिला। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि लूट की सूचना मिली थी। लेकिन जांच में वह झूठी साबित हुई। सूचना देने वाले युवक को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में जारी अधिसूचना के क्रम में, विंध्याचल में शारदीय नवरात्रि मेला के दौरान यात्रियों की कम मांग के कारण गाड़ी संख्या 04129/04130 एवं 04182/04181 अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ियों के निम्नलिखित फेरों को निरस्त कर दिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी संख्या	कहाँ से	कहाँ तक	निरस्तीकरण की तिथि
04129	मिर्जापुर	उतरेटिया जं.	21.10.2026 से 26.10.2026
04130	उतरेटिया जं.	मिर्जापुर	22.10.2026 से 27.10.2026
04182	प्रयागराज जं.	पटना जं.	21.10.2026 से 26.10.2026
04181	पटना जं.	प्रयागराज जं.	21.10.2026 से 26.10.2026

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन न0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 2402/26 (C)

आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में जारी सूचना के क्रम में क्वार नवरात्रि मेले के दौरान विन्ध्याचल स्टेशन पर निम्नलिखित रेलगाड़ियों को अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया था। तथापि, यात्रियों की कम मांग को दृष्टिगत रखते हुए उक्त रेलगाड़ियों के अस्थायी ठहराव को निम्न तिथियों के अनुसार वापस लेने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी सं.	कहाँ से	कहाँ तक	तिथि
15658	कामाख्या	दिल्ली जं.	23.10.2026 से 26.10.2026
15945	लोकमान्य तिलक टर्मि.	डिब्रुगढ़	23.10.2026 से 26.10.2026
15946	डिब्रुगढ़	लोकमान्य तिलक टर्मि.	23.10.2026 से 26.10.2026
15647	लोकमान्य तिलक टर्मि.	गुवाहाटी	23.10.2026 से 26.10.2026
15648	गुवाहाटी	लोकमान्य तिलक टर्मि.	23.10.2026 से 26.10.2026

नोटः- ट्रेन की समय सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 139 या रेल Rail Madad MobileApp या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 2405/26(K)

वाद पर्दो के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5, नियम 1 और 5)

न्यायालयः ए.सी.जे.एम.-17
स्थानः प्रयागराज जिलाः प्रयागराज
मूल वाद संख्याः 84 सन्: 2020 ई0
वादीः स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
बनामः मेसर्स शिव आदित्य एग्रो प्रोडक्ट व अन्य
मेसर्स शिव आदित्य एग्रो प्रोडक्ट्स 800/523 कवि कुट्टी, दारागंज, प्रयागराज 211006
प्रोप0 मिस शिवांगना सिंह पुत्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह पताः मकान नं0 800/523 कवि कुट्टी, दारागंज, प्रयागराज

चूँकि वादी ने आपके खिलाफ ऋण के लिये वाद संस्थित किया है अतएव आपको एतद् द्वारा आहूत किया जाता है कि आप या स्वयं ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो कि सम्यकरुपेण अनुदिष्ट है और वाद सम्बन्धी सब सारबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है। 2026 के माह 12 दिवस 08 को बजे 10.00 आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसजात हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करे जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है।

आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ववर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज 08.10.2026 के दिवस को निकाला गया। **न्यायाधीश**

सूचना

1- आपको यह अशंका है कि आपके साक्षीगण अपनी मर्जी से हाजिर नहीं होगें तो आप किसी साक्षी को हाजिर के लिये मजबूर करने के लिये और किसी दस्तावेज के पेशी कराने के लिये जिसे कि पेश करने की ऐसी समाहूत कराने के लिये आपको अधिकार है, सम्मन इस न्यायालय में आवेदन करने पर और आवश्यक व्यय का निक्षेप कर देने पर इसे न्यायालय से ले सकते हैं।

2- यदि आप दावे को स्वीकारोत्तर करते हो तो आपको धन के खर्चों के सहित इस न्यायालय में जमा कर देना चाहिए कि ऐसी आज्ञाप्ति का निष्पादन जो कि आपने व्यक्तित्व या सम्पत्ति या दोनो के खिलाफ हो परिवर्जित हो जाय।

वाद पर्दो के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5, नियम 1 और 5)

न्यायालयः ए.सी.जे.एम.-12
स्थानः प्रयागराज जिलाः प्रयागराज
मूल वाद संख्याः 21 सन्: 2024 ई0
वादीः स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
बनामः मेसर्स हाई कप टी व अन्य
मेसर्स हाई कप टी 14/18 हीवेट रोड, प्रयागराज 211003 प्रोपराइटर ब्यूटी गुप्ता
ब्यूटी गुप्ता पत्नी लक्ष्मी बाबू केसरवानी, पताः 71 मोहत्सिमगंज, प्रयागराज 211003

चूँकि वादी ने आपके खिलाफ ऋण वसूली के लिये वाद संस्थित किया है अतएव आपको एतद् द्वारा आहूत किया जाता है कि आप या स्वयं ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो कि सम्यकरुपेण अनुदिष्ट है और वाद सम्बन्धी सब सारबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है। 2026 के माह 12 दिवस 10 को बजे 10.00 आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसजात हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करे जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है।

आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ववर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज 14.10.2026 के दिवस को निकाला गया। **न्यायाधीश**

सूचना

1- आपको यह अशंका है कि आपके साक्षीगण अपनी मर्जी से हाजिर नहीं होगें तो आप किसी साक्षी को हाजिर के लिये मजबूर करने के लिये और किसी दस्तावेज के पेशी कराने के लिये जिसे कि पेश करने की ऐसी समाहूत कराने के लिये आपको अधिकार है, सम्मन इस न्यायालय में आवेदन करने पर और आवश्यक व्यय का निक्षेप कर देने पर इसे न्यायालय से ले सकते हैं।

2- यदि आप दावे को स्वीकारोत्तर करते हो तो आपको धन के खर्चों के सहित इस न्यायालय में जमा कर देना चाहिए कि ऐसी आज्ञाप्ति का निष्पादन जो कि आपने व्यक्तित्व या सम्पत्ति या दोनो के खिलाफ हो परिवर्जित हो जाय।